देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश
सत्येंद्र जैन की बीमारी का मजाक बनाकर... 12
अंतरराष्ट्रीय मिलेटस वर्ष के रूप में मनेगा 2023... 10

जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 40
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper
रविवार | 20 नवम्बर, 2022

बेहतर कानपुर के लिए सीएसए में निकाली गई रैली

जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों और लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने कानपुर विजन 2047 के अंतर्गत बीते दिन शनिवार को क्लीन कानपुर, ग्रीन कानपुर एवं कानपुर को बेहतर बनाने के लिए एक रैली निकाली। रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विश्वविद्यालय के मुख्य भवन से कंपनी बाग चौराहा तक निकाली गई इस रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा कानपुर की नगरी में सुंदरता रहती है। यह कानपुर है यहां मां गंगा बहती है। लोगों को बीमारियों से बचाव, सीएनजी यातायात अपनाओ। खुद से करो स्वच्छता का प्रयास, तब होगा कानपुर का विकास जैसे विभिन्न स्लोगन लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया। इस अवसर पर कुलपति ने सभी को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ कानपुर में भी स्वच्छता अभियान को अपने अपने स्तर से स्वच्छ बनाने का प्रयास करने की शपथ दिलाई। जिससे विजन कानपुर 2047 तक लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा हो सके। कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीष कुमार ने किया तथा कार्यक्रम को सफल आने में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ अर्चना सिंह एवं डॉ राम सिंह ने सक्रिय योगदान दिया।

ters.iitk.ac.in पर विजिट करें। (संवाद)

अमर उजाला कानपुर 20/11/2022

कानपुर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का दिया संदेश

डीजीपीजी कॉलेज में कानपुर विजन 2047 को लेकर निकाली गई जागरुकता रैली। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। विजन कानपुर 2047 के मद्दनेजर शिक्षण संस्थानों ने शनिवार को रैली निकालकर शहरवासियों को कानपुर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का संदेश दिया।

सीएसजेएमयू में वॉक फॉर जागरुकता रैली में एनएसएस वालंटियर, एनसीसी कैडेट्स, अधिकारियों और शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। यहां क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. रिपुदमन सिंह, डॉ. आरके द्विवेदी, प्रो. संजय स्वर्णकार, डॉ. सिधांशु राय और डॉ. प्रवीण कटियार आदि मौजूद रहे। सीएसए में कुलपति डॉ. डीआर सिंह के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

दयानंद महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय मकराबटगंज में जागरुकता रैली को प्राचार्य प्रो. रत्ना गुप्ता ने रवाना किया। सबसे प्यारा कानपुर हमारा लिखीं तख्तियां लेकर छात्राओं ने जनता को जागरूक किया। यहां डॉ. प्रतिमा वर्मा, डॉ. अंकुर सिंह, डॉ. विभा दुबे और डॉ. साधना मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय स्वरूपनगर में प्राचार्य प्रो. पूनम विज ने छात्रों को कानपुर विजन 2047 के बारे में बताया। यहां डॉ. पूर्णिमा शुक्ला, डॉ. सोनम सिंह और प्रो. अनुपमा कुमारी आदि मौजूद रहीं। डीजीपीजी कॉलेज सिविल लाइंस की छात्राओं ने कॉलेज से ग्रीनपार्क और एल्गिन मिल तक रैली निकाली। यहां पर डॉ. अर्चना दीक्षित, डॉ. निवेदिता टंडन और अभिव्यंजना सिंह आदि मौजूद रहीं।

विद्यार्थियों ने निकाली रैली, जागरुकता पर जोर

कानपुर, 19 नवम्बर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ डी.आर. सिंह के नेतृत्व में आज विवि के मुख्य भवन से कंपनी बाग चौराहा तक विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ करीब 400 छात्र-छात्राओं ने कानपुर विजन 2047 के अंतर्गत क्लीन कानपुर, ग्रीन कानपुर के तहत एक रैली निकाली। कुलपति ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन जैसे कानपुर की नगरी में सुंदरता रहती है। यह कानपुर है यहां मां गंगा बहती है। लोगों को बीमारियों से बचाव, सीएनजी यातायात अपनाओ।। खुद से करो स्वच्छता का प्रयास आदि विजन के साथ प्रभावशाली रैली का आयोजन किया गया। सीएसए के कुलपति डॉ सिंह ने सभी को शपथ दिलायीं। इस दौरान डॉ मुनीष कुमार, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ अर्चना सिंह, डॉ राम सिंह आदि मौजूद रहे।